तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 26 मई 2024

14 निवेशकों की रकम वापसी की मांग को लेकर ...



14 64 खानों की बादशाहत के लिए होगा मुकाबला ...





## खबर संक्षेप

### पचरी से 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने 24 मई को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचरी से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पचरी में आरोपी मनोज टंडन पिता बिसहद (47 साल) के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमती 900 रुपए को जब्त कर 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

### जहर सेवन करने से महिला की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजराभांठा निवासी महिला के जहर का सेवन कर लेने से इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजराभांठा निवासी चंद्रिका बरिहा पति लोकनाथ बरिहा ने 10 अगस्त 2023 को किसी अज्ञात वजहों से जहर का सेवन कर लिया। जिसे अंबेडकर अस्पताल रायपुर भर्ती महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### सांप डसने से बुजुर्ग महिला की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबाखार के महिला को सांप ने काट लिया था जिसकी अंबेडकर अस्पताल रायपुर में मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि पित्रो बाई सिदार पति लिलेश्वर सिदार (50 साल) को 21 अगस्त 2023 को सांप ने काट लिया था, जिसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात कारणों से म्यांर में लगाई फांसी

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़ारी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 मई को मदन यादव पिता मनहरण यादव (34 साल) ने अज्ञात कारणों से अपने घर के म्यांर में फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम किया है।

### बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत दानीबाहरा के पास मोटरसाइकिल की टक्कर से एक व्यक्ति चोटिल हो गया। बस्तीपारा वार्ड नंबर 2 पटेवा निवासी सैय्यद मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को बताया कि 11 मई 2024 को वह अपने मोटर सायकल सीजी 04 एमवाय 1026 से ग्राम सिनोधा जा रहा था, तभी दानी बाहरा के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीजी 8046 का चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे काफी चोटें आई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 279, 337 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### गर्मी : अभी और बढ़ेगा तापमान, दिखेगा हीटवेव का असर

# नौतपा के प्रथम दिन पड़ी भीषण गर्मी में बूंदाबांदी ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर सहित जिले भर में नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी से लोग हलकान रहे। हालांकि तापमान 39 डिग्री ही रहा लेकिन, लोगों को 42 डिग्री के तापमान का एहसास दिलाते हुए दोपहर 2 बजे के आसपास जिला मुख्यालय में हल्की बूंदा बांदी भी हुई। जिसके बाद एक बार फिर धूप ने कहर बरपाया। नौतपा के दौरान तापमान में बढ़ोतरी के साथ हवा और गर्म हो गई जिसके कारण लोगों को गर्मी से काफी परेशानी हुई। नौतपा शुरु होने के साथ इसके पूर्वानुमान की खबरों ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। भरी दुपहरी में लोग सड़क पर निकलने से परहेज करते रहे। 12 बजे से 5 बजे तक नौतपा के पहले ही दिन इन घंटों में सड़क पर कर्फ्यू सा माहौल रहा। इस दौरान सड़क पर भी वाहनें इक्का-दुक्का ही नजर आई।





#### सीधी पड़ रही सूर्य की किरणें

नौ दिन की अवधि में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी काफी कम हो जाती है। इससे सूर्यदेव की तपिश काफी ज्यादा महसूस होगी। यदि नौतपा के सभी दिन में भीषण गर्मी रहे तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है। ज्येष्ठ मास में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते है और सूर्य की पृथ्वी से दूरी काफी कम होती है ऐसे में सूर्य से निकलने वाली तेज किरणें धरती पर सीधी और तेज पड़ती हैं। इन दिनों को नौतपा कहा जाता है।

#### 28 के बाद ही पड़ेंगे गर्मी के तेवर ढीले

नौतपा और पंचक के दिनों में मौसम विभाग ने भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की है। सोमवार से अगले सोमवार तक इन 8 दिनों में तापमान 42 डिग्री के आसपास रहने की बात सामने आई है। लोगों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी गई है। प्रदेश में हीटवेव का असर अगले चार दिन रहेगा। 28 मई के बाद गर्मी के तेवर ढीले होंगे। इस दौरान लू चलने के कारण लोगों को इसके चपेट में आने से बचने और एहतियात बरतने की सलाह दी जा रही है। दिन में गर्मी के कारण इन दिनों सुबह 12 बजे और और शाम 5 बजे के बाद भीड़भाड़ की स्थिति देखने को मिल रही है।



## भीषण गर्मी में नलकूप से प्यास बुझा रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

नौतपा के चलते लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी के कारण जल स्तर लगातार गिर रहा है। पेयजल के साथ निस्तारी की भी समस्या गांवों बनी हुई है। बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी में भीषण गर्मी के चलते निस्तारी तालाब का जल स्तर घटने के कारण नलकूप से तालाब में पानी छोड़ा जा रहा है। तालाब से लगे हुए नलकूप से प्यास बुझाने पहुंचते हैं मवेशी।

# जिले भर के वाहनों को टोल फ्री किए जाने की उठ रही मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सीजी 06 पासिंग गैर व्यावसायिक वाहन मालिकों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी दी

जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर छुईपाली और ढांक टोल प्लाजा में सीजी 06 पासिंग गैर व्यावसायिक वाहनों को टोल फ्री करने की मांग को लेकर सरायपाली में दर्जनों वाहन मालिकों ने बीएससीपीएल कंपनी के प्रबंधक, थाना प्रभारी और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस मांग का समर्थन महासमुंद सहित बागबाहरा क्षेत्र के लोग भी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें भी किसी न किसी कार्य के चलते जिले में आवाजाही और दौरा करना होता है। ऐसे में उन्हें भी टोल टैक्स की भारी मार झेलनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन के भीतर के अंदर टोल टैक्स फ्री करने संबंधी कोई निर्णय कंपनी द्वारा नही लिया जाता तो सरायपाली व बसना के नागरिकों द्वारा वृहद आंदोलन की रुपरेखा तय की जाएगी। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि दुर्ग जिले के अंजोरा स्थित टोल प्लाजा में स्थानीय वाहनों को टोल फ्री किया गया है। लेकिन, उसी नेशनल हाईवे स्थित ढांक व छुईपाली टोल प्लाजा में टोल टैक्स में स्थानीय लोगों को कोई राहत नहीं दी जा रही है, जबकि ओड़ीशा में भी इसी एनएच 53 रोड पर टोल प्लाजा में ओडी 17 के नान कमर्शियल वाहनों को टोल टैक्स फ्री किया गया है। सरायपाली अंचल के लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता है और जिला मुख्यालय जाने के लिए उन्हें दो-दो टोल प्लाजा में शुल्क देना होता है, जिससे उन्हें आर्थिक भार पड़ता है। इस अवसर पर संजय चौधरी, देवेंद्र पटेल, हेमंत चौधरी, यशवंत, गोपाल, कमलेश नायक, राजेश पात्रो, भोजराज, पूर्णचंद, पुरुषोत्तम, श्रीकांत, गोलू, दिनेश पटेल, सुरेश भोई, विवेक अग्रवाल, सूरज साहू उपस्थित रहे।

#### सौतेले व्यवहार पर जताई आपत्ति

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि छत्तीसगढ़ तो छत्तीसगढ़, ओडिशा में भी नेशनल हाईवे में टोल टैक्स पर लोकल गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए टोल टैक्स फ्री कर दिया गया है फिर छुईपाली और ढांक टोल नाका में सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है?

#### जिलेभर के वाहन मालिकों को मिलेगा लाभ

वाहन मालिकों ने कहा कि टोल टैक्स फ्री किया जाता है तो जिला मुख्यालय व कई आवश्यक काम से बसना, महासमुंद जाने वाले लोगों को टोल टैक्स से राहत मिलेगी। वहीं महासमुंद से सरायपाली बसना की ओर जाने वाली वाहनों को बागबाहरा से घूम कर नही जाना होगा। एक ही नेशनल हाईवे पर अलग-अलग नियम अपनाने व टोल टैक्स फ्री का लाभ न मिलने से आक्रोशित वाहन मालिकों ने 20 मई को टोल टैक्स फ्री करने को लेकर ज्ञापन सौंपा और कंपनी को 15 दिन का समय दिया है।

## जनपद पंचायत का ड्राइवर चोरी के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चोरी के आरोप में पिथौरा पुलिस ने जनपद पंचायत के वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस और साइबर टीम ने उसके पास से चोरी की रकम भी बरामद की है। वाहन चालक पर पंचायत सचिव की बाइक की डिक्की से एक लाख रुपये चोरी करने का आरोप है। मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा में 20 मई को जनपद पंचायत के वाहन चालक ने जनपद परिसर में खड़ी घोघरा के पंचायत सचिव आत्माराम साहू की बाइक की डिक्की से एक लाख रुपए चोरी की थी। पिथौरा पुलिस व साइबर की टीम ने शुक्रवार को आरोपी वाहन चालक





केशव पटेल को चोरी किए गए रुपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ धारा 379 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की है।





### कार ने बाइक को मारी टक्कर, 1 मृत


**महासमुंद।** एनएच-53 पर बिजेपुर के पास कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में मोटर साइकल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सांकरा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना सुबह 10:30 बजे के आस-पास की है। कार की टक्कर से सुभाष पटनिया पिता जय लाल (25) सोनपुर बलौदाबाजार की सड़क दुर्घटना की मौत हो गई। सुभाष बाइक क्रमांक सीजी 06 जीटी 0429 में कहीं जा रहा था। जिसे कार क्रमांक ओडी 15 के 4135 ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सांकरा थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामल दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# 80 प्रतिशत बाहरी आवक होने से सब्जियां महंगी

## नागपुर, ओडिशा, बैंगलोर और नासिक से पहुंच रही सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सब्जी बाजार में इन दिनों स्थानीय सब्जीयों की आवक की बजाय बाहरी आवक होने के कारण सब्जियों के भाव में 80 फीसदी की बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। भीषण गर्मी के चलते गर्मी में आवक कम होने और बाहरी आवक बढ़ने रेट बढ़ने चिल्हर खरीददार नहीं मिल रहे। इसके कारण थोक व्यापारियों के पास 30-40 फीसदी सब्जियां बच रही हैं जिनके खराब हो जाने की आशंका के कारण औने-पौने दाम में बेचना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय बिन्नी बाई सब्जी बाजार में हर दिन 70-80 हजार टन सब्जियों की आवक हो रही है। जिसमें 80 प्रतिशत सब्जी की बाहरी आवक है और मात्र 20 प्रतिशत स्थानीय आवक है। सब्जी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संतोष



चंद्राकर ने बताया कि नागपुर, ओडिशा, बैंगलोर और नासिक से 80 प्रतिशत सब्जियों की आवक हो रही है जिसमें टमाटर, पत्ता व फूल गोभी, कटहल, शिमला मिर्च, गाजर, परवल आदि शामिल है। वहीं स्थानीय आवक में भिंडी,बरबट्टी, बैगन, नीबू, लौकी, करेला, कच्चा आम शामिल है। उन्होंने बताया कि हर रोज बाजार में सब्जियों की पर्याप्त आवक हो रही है लेकिन बढ़ती गर्मी की वजह से बाजार में मंदी छाई हुई है और यही कारण है कि आवक के मुकाबले प्रतिदिन 50 से 60 प्रतिशत ही उठाव हो पा रहा है शेष सब्जियां बच जा रही है जिससे चिल्हर में सब्जियां महंगी हैं। गर्मी की वजह से फेरी वालों की संख्या में कमी आई है। जिससे बाजार में सब्जियों के उठाव पर असर हुआ है। वहीं बाजार में ही छोटे व्यवसायी जो स्थानीय सब्जी आवक पर निर्भर होते हैं उनकी भी संख्या कम हुई है।

#### बाजार में आज सब्जियों के भाव

शनिवार को स्थानीय बाजार में बैंगन 20 रुपये प्रति किलो, भिंडी 20, फूल गोभी 40, पत्ता गोभी 30, टमाटर 30, लौकी 20, कटहल 40, मुनगा 80, धनिया 80, मिर्ची 80, शिमला मिर्च 60, गाजर 40, परवल 40, बरबट्टी 30, कच्चा आम 30, करेला 60, कुम्हड़ा 20, आलू 30, प्याज 30, नीबू 3 रुपए नग और सबसे अधिक अदरक 160 रुपए किलो बिक रहा है।

#### गर्मी से नहीं बिक रही पर्याप्त सब्जी

चिल्हर सब्जी व्यवसायी चोआराम सिन्हा,यादराम साहू,अशोक साहू व अन्य ने बताया कि सब्जियों की पर्याप्त आवक तो बाजार में हो रही है,पर अत्यधिक गर्मी की वजह से ग्राहकों की कमी है। जिसके कारण हर रोज सब्जियाँ बच जा रही हैं। इन बची हुई सब्जियों को या तो दूसरे दिन औने-पौने दाम पर बेचना पड़ता है या उन्हें फेंकना पड़ता है।

### मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, 4 को काउंटिंग

# डाक मतपत्रों की गणना के बाद ही ईवीएम उगलेंगे संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान के बाद मतगणना के लिए लोकसभा क्षेत्र के महासमुंद, गरियाबंद और धमतरी जिले के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं ईवीएम के नोडल अधिकारियों सहित डाक मतपत्र/ईटीपीबीएस के नोडल अधिकारी व संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर से आए राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण और हेंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया।

महासमुंद लोकसभा के लिए प्राप्त मतों की गणना 04 जून को होनी है जिसके लिए कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मतगणना कार्य से संबंधित विभिन्न पहलूओं और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कलेक्टर मलिक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मतगणना के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य को लेकर कोई परेशानी हो तो पहले ही उसका समाधान कर लें। ताकि, मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गणना एजेंटों की नियुक्ति 31 मई तक कर लें। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नियुक्ति के संबंध में आयोग के नियम व निर्देशों की जानकारी दें। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विधानसभावार अलग-अलग आईडी जारी करने के निर्देश दिए, जिससे पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना कार्य हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षकों द्वारा स्ट्रांग रूम खोलने से लेकर मतगणना के बाद परिणाम घोषित होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण दी गई।

प्रशिक्षण में महासमुंद के अपर कलेक्टर रवि साहू, उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी

कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

#### मतगणना प्रक्रिया को समझाया

राज्य स्तरीय प्रशिक्षक रूपेश कुमार वर्मा, विनय अग्रवाल और विनय कुमार ने मतगणना की समस्त प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पहले मतगणना के लिए वैधानिक प्रावधानों के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 के तहत निर्वाचन संचालन नियम 1961 की विभिन्न धाराओं व प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में निर्धारित टेबल की संख्या के आधार पर गणन अभिकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। प्रशिक्षक ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार तीन श्रेणी में सुरक्षा की व्यवस्था की जानी है। मतगणना के दौरान सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों की वीडियोग्राफी की जाएगी। ईव्हीएम से मतों की गणना की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। डाकमत पत्र की गणना के बाद ईवीएम में पड़े मतों की गणना की जाएगी। प्रशिक्षक वर्मा ने बताया कि व्हीव्ही पैट के पेपर स्लिप की गणना एवं ईव्हीएम सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात ईटीपीबीएस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की वेबसाईट में लॉगिन कर डाक मतपत्र की वैधता की जांच की स्कैनिंग कर की जाएगी। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय वर्मा ने पोस्टल बैलेट के मतों की गणना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना के दिन सुबह 08 बजे तक प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी। तत्पश्चात ई व्ही एम में प्राप्त मतों की गणना की जाएगी।सभी प्राप्त पोस्टल बैलेट की संख्या को प्रेक्षक को अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मतगणना के संबंध में शंकाओं का प्रशिक्षकों द्वारा समाधान किया गया।

### कार की ठोकर से पिकअप चालक घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत स्थित जगदीशपुर चर्च के पास एक पिकअप को कार ने ठोकर मार दिया। बसना निवासी रोहित कुमार नायक ने पुलिस को बताया कि उसका भाई राहुल नायक (28 साल) 11 मई 2024 को पिकअप वाहन सीजी 06 जीएल 8595 में बसना से फर्श पत्थर भरकर ग्राम पिरदा गया था, जहां से वापस आते समय शाम करीब 4 बजे ग्राम जगदीशपुर स्थित चर्च के पास बसना की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 06 जीजेड 8669 के चालक ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए राहुल के पिकअप वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे राहुल के दोनों पैर, सीना व सिर में गंभीर चोंट आने से शासकीय अस्पताल बसना में दाखिल कराया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध अपराध धारा 279, 337 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# रेलवे के विद्युत लोको शेड में लगाए 37 कैमरे, सुरक्षा-मरम्मत की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रेलवे के विद्युत लोको शेड में होने वाले मरम्मत कार्यों की बेहतर निगरानी हो सकेगी। इसके साथ शेड पूरी तरह सुरक्षित भी रहेगा। इसके लिए शेड के चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगा दिए गए हैं। रेलवे का मानना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों की कार्यकुशलता सुदृढ़ होगी। रेलवे की वर्कशाप काफी महत्वपूर्ण जगह है। यहां इलेक्ट्रिक लोको का रखरखाव के साथ तकनीकी खराबियां सुधारी जाती है। इसके बाद ही इंजन ट्रेनों में जुड़ता है। यहां सामान इधर-उधर बिखरे पड़े रहते हैं और यदि काम में थोड़ी भी चूक होती है तो इसके चलते ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो सकता है। इसे देखते हुए ही रेलवे ने यहां की सुध ली है।

## आरपीएफ में जवानों की कमी होने से अब विद्युत लोको शेड की सुरक्षा भी कैमरे के भरोसे

### लोको शेड में 37 सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान

यहां सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनकी मदद से रेलवे स्टेशनों और रेल परिसरों में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। अब मंडल के प्रमुख कार्यालयों व वर्कशाप पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत ही बेहतर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी का प्रविधान किया जा रहा है। इससे यहां की सम्पूर्ण गतिविधियों की बेहतर निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की जा सके। इसी क्रम में विद्युत लोको शेड में 37 सीसीटीवी कैमरे का प्राविधान किया गया है। कैमरे लोको शेड के सभी कार्यस्थलों, शाप, स्टोर, प्रशासनिक भवन, कैंटीन में लगाए गए हैं। इसके अलावा अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को भी पकड़ा जा सकता है।



### निगरानी के लिए बनाया गया कंट्रोलरूम

इन कैमरों को लगाने के साथ ही निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है, जहां एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई है। इनका कनेक्शन सीधे कैमरे से है। स्क्रीन पर पूरे समय लोको शेड की गतिविधियां नजर आती हैं। इन कैमरों के लगने से कहीं न कहीं आरपीएफ को भी राहत मिलेगी। आरपीएफ में बल सदस्यों की कमी है। ऐसी स्थिति में स्टेशन से लेकर कार्यालयों में आरपीएफ जवानों की तैनातगी मुनासिब नहीं है। यह कैमरे ही सुरक्षा बल का काम करेंगे। यदि कुछ घटना होती है, तो आसानी से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। इसके अलावा कर्मचारी भी काम में लापरवाही नहीं बरत सकते। उनमें हर समय कैमरे का डर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### महिला विंग की अध्यक्ष भावना, कार्यकारी अध्यक्ष बनीं डिंपल





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी की सर्वसम्मति से छग सिंधी पंचायत महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष भावना कुकरेजा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डिंपल शर्मा को नियुक्त किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज, महासचिव बलराम आहूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि सिंधी समाज में एक उदाहरण पेश करते हुए वर्तमान कार्यकरिणी ने बहुमत से निर्णय लिया है कि गुटबाजी को न देखकर कार्य को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं में विगत कई वर्षों से सक्रिय भावना कुकरेजा को प्रदेश अध्यक्ष व डिंपल शर्मा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### नारद जन्मोत्सव पर मनाया पत्रकार वंदन दिवस



**रायपुर।** आद्य पत्रकार देवर्षि नारद के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने पत्रकार वंदन दिवस के रूप में मनाया। समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा , स्वप्निल तिवारी पिथौरा, श्याम किशोर शर्मा राजिम, रोशन स्वास्थ्य देवभोग, विक्रांत शर्मा धमतरी, नंदलाल मिश्रा बसना को कलमवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा सहित पदाधिकारी नीरज शर्मा, अशोक मिश्रा, सुमित शर्मा, अजय जोशी, मनीष मिश्रा व पदाधिकारियो ने भगवान परशुराम गमछा, स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन प्रीति दीक्षित तथा आभार धनंजय शर्मा ने किया।

### मजदूरों का किया सम्मान योजनाओं की दी जानकारी

**रायपुर।** मजदूर सेवा समिति द्वारा मजदूरों के सम्मान में वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मजदूरों के हितों, सुरक्षा, भविष्य के संबंध में चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष अजय चकोले ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस दौरान सुशील विश्वकर्मा, फरीद कुरैशी, चंदू तांडी आदि शामिल हुए।

### कैरियर काउंसिलिंग 'छू लो आसमान' सेमिनार आज

**रायपुर।** पढ़ाई के दौरान अपना कैरियर तय करने के लिए विद्यार्थियों को सही राह दिखाने काउंसिलिंग दी जाएगी। बढ़ते कदम संस्था द्वारा 26 मई रविवार को इसके लिए छू लो आसमान सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता सुंदर बजाज एवं यथार्थ गुरुबक्षाणी ने बताया कि शाम 5 बजे से शहीद स्मारक भवन में कैरियर गाइडेंस के एक्सपर्ट्स एवं मोटिवेशनर फ़ाजिल सर प्रमुख वक्ता होंगे। संस्था के संस्थापक इंद्र डोडवानी और अध्यक्ष सुनील छतवानी ने बताया कि छात्रों के सपनों को साकार करने के लिए संस्था बढ़ते कदम पिछले 13 वर्षों से दृढ़संकल्पित है, हर वर्ष विभिन्न शहरों में भी संस्था कैरियर काउंसिलिंग के प्रोग्राम करती आ रही है।

### बी-लिब का परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा बी-लिब का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में कुल 27 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 22 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया और पांच सफल नहीं हो पाए। रविवि के मुताबिक फेल हुए छात्रों को पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पंद्रह दिन का वक्त दिया गया है।

## महिला लालपुर की रहने वाली, बेटे ने 21 मई को दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

# जेवर-कपड़े से हुई महिला के लाश की शिनाख्त, पोस्टमार्टम में होगा खुलासा

**महिला का मोबाइल घर पर, कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस आगे की जांच करेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को कमल विहार सेक्टर-4 में नाले के पाइप में मिली महिला की लाश की शिनाख्ती हो गई है। महिला लालपुर की रहने वाली है। महिला के बेटे ने 21 मई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मां 18 मई से लापता है। पुलिस के अनुसार लाश के पास से मिले सामान के आधार पर महिला की शिनाख्ती हो पाई है। महिला का शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा, इसके बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 45 वर्षीय केवरा बाई के रूप में हुई है। मृतका के पहने गहने के आधार पर बेटे ने लाश की पहचान की है। पुलिस के अनुसार महिला का पति नहीं है। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद महिला की तलाश की जा रही थी, इसी दौरान लाश मिलने की सूचना पर गुम महिला के बेटे से संपर्क किया गया और उसे लाश के पास से मिले जेवर तथा कपड़े दिखाए गए, तो बेटे ने लाश अपनी मां की होने की पुष्टि की।

### जांच में क्राइम टीम शामिल

कमल विहार में मिली महिला की लाश में चोट के निशान को देखते हुए पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने स्थानीय पुलिस के साथ ही एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम भी जांच में जुट गई है। लाश की शिनाख्ती होने के बाद पुलिस ने महिला के मोबाइल के बारे में जानकारी हासिल की, तब पुलिस को पता चला कि महिला जिस दिन से गायब हुई है, उसका मोबाइल उसी दिन से घर पर है।

### संदिग्ध हालत में मिली युवती की लाश, रेप और हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार के सेक्टर-4 में एक 26 से 30 साल की महिला की गुरुवार दोपहर लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला की लाश सूनसान झाड़ियों में नाले के पाइप में मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम करने के लिए मरचुरी रवाना कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ रेप करने के बाद हत्या कर लाश झाड़ियों में नाले के पाइप में छिपाई गई होगी। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

- टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना, घटना स्थल के आसपास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल मिले

पुलिस के मुताबिक महिला की लाश तीन से चार दिन पुरानी है। आसपास के लोगों ने नाले के पास से बदबू आने पर वहां जाकर देखा, तो एक महिला की लाश अर्धनग्न हालत में पाइप के अंदर पड़ी थी। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने आसपास पतासाजी की, तो घटनास्थल के पास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल पड़े मिले। पुलिस को आशंका है कि आसपास मंडराने वाले नशेड़ियों ने महिला के साथ रेप कर हत्या की होगी।



#### महिला के सिर, चेहरे पर चोट के निशान

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का परीक्षण किया, तो पाया कि महिला के सिर तथा चेहरे पर चोट के निशान थे। पुलिस को आशंका है कि महिला द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर रेप की घटना को अंजाम दिया होगा। सिर तथा चेहरे पर गंभीर चोट लगने की वजह से महिला की मौत हुई होगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि महिला की साड़ी तथा लहंगा ऊपर उठा हुआ था। साथ ही महिला के अंडरगार्मेंट नहीं थे। इस वजह से पुलिस महिला के साथ रेप होने की आशंका व्यक्त कर रही है। शुक्रवार को महिला का शार्ट पीएम मिलने के बाद महिला की मौत की असल वजह के साथ रेप की बात की पुष्टि होगी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### कॉल डिटेल के आधार पर जांच

हत्या की गुत्थी सुलझाने महिला के मोबाइल को पुलिस एक बड़ा आधार मान रही है। पुलिस के अनुसार महिला जिस दिन अपने घर से गायब हुई थी, उसके पूर्व महिला ने किन लोगों से बात की है, इसके साथ महिला ने आखिरी बार किससे बात की है, पुलिस इस संबंध में जानकारी जुटाने की बात कह रही है। इसके साथ ही महिला आखिरी बार किससे मिली है, इसके बारे में जानकारी जुटाने के बाद जांच की दिशा तय करने की जानकारी दी है।



### जिस दिन गायब उसी दिन हत्या की आशंका

पुलिस के अनुसार महिला 18 मई को अपने घर से गायब हुई है। पुलिस को आशंका है कि महिला जिस दिन अपने घर से गायब हुई है, उसकी हत्या उसी दिन कर दी गई होगी। इसके साथ ही पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि आखिर महिला कमल विहार कैसे और किसके साथ पहुंची। इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस, सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करेगी।

### कमल विहार बना अपराधियों का अड्डा

कमल विहार क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त नहीं होने तथा इलाके के चारों तरफ अंधेरा होने का फायदा असामाजिक तत्व के लोग उठाते हैं। कमल विहार का इलाका टिकरापारा तथा मुजगहन थाना क्षेत्र से सटा है।

नियमित पुलिस गश्त नहीं होने तथा क्षेत्र में अंधेरा होने की वजह से इलाके में असामाजिक तत्व शराब खोरी करने के साथ ही चोरी तथा लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। यही वजह है कि कमल विहार में महिला की हत्या होने के पांच दिन बाद पुलिस को घटना की जानकारी मिली है।

# हरदीडीह खदान में पकड़ाई दो चेन माउंटेन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नियम में मजदूरों से कराया जाना है रेत लोडिंग का काम

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र के हरदीडीह रेत खदान में अवैध उत्खनन और नियम विरुद्ध तरीके से रेत का उत्खनन व लोडिंग का काम किया जा रहा है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इस खबर का असर अब देखने को भी मिल रहा है। खनिज विभाग की टीम शुक्रवार को आरंग क्षेत्र के खदानों का निरीक्षण करने निकली थी। इस दौरान हरदीडीह खदान में नियम विरुद्ध तरीके से रेत लोडिंग का काम चेन माउंटेन मशीन से कराया जा रहा था, जबकि यह काम मजदूरों से कराया जाना है। टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए दोनों मशीन को जब्ती बनाया है।

विदित हो कि जिले में 13 रेत खदानें है। इनमें से 6 खदानों हरदीडीह, कागदेही, कुरुद, लखना, कुम्हारी व पारागांव को ही सीआ से एनओसी मिली हुई है, जबकि अन्य खदानों को एनओसी नहीं मिली है। जिन खदानों को एनओसी मिली है, उनमें से कई खदानों में नियम विरुद्ध चेन माउंटेन मशीनों से रेत लोडिंग कराई जा रही है। ऐसे कई मामलों में पूर्व में भी कार्रवाई की गई है। कई खदानों में अवैध रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है, लेकिन टीम के निरीक्षण के दौरान आज अवैध उत्खनन का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

### ज्यादातर खदानों में नियम का पालन नहीं

जिन खदानों को सीआ से अनुमति मिली हुई है, उनमें से ज्यादातर खदानों में रेत लोडिंग का काम चेन माउंटेन मशीनों से ही कराया जाता है। मजदूरों से रेत लोडिंग कराने में बहुत समय लगता है। इसके कारण रेत का परिवहन भी कम हो पाता है। मशीन से कम समय में रेत की लोडिंग हो जाती है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रेत का परिवहन हो पाता है। इससे रेत ठेकेदार को जमकर मुनाफा होता है। इसे देखते हुए खदानों के ठेकेदार मजदूरों की जगह चेन माउंटेन मशीनों से रेत की लोडिंग कराते हैं।

# कर्जदारों की आईडी से महादेव एप के लिए बैंक में अकाउंट, एक करोड़ का ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने उधार देकर कर्जदारों की आईडी से महादेव सट्टा एप के लिए बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में एक व्यक्ति तथा उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 107 बैंक पासबुक जब्त की है। साथ ही प्रारंभिक जांच में पुलिस को जब्त पास बुक में एक करोड़ रुपए से ज्यादा लेन-देन होने की जानकारी मिली है।

पुलिस के मुताबिक कर्जदारों की आईडी से महादेव सट्टा एप के लिए बैंक में अकाउंट खुलवाने के आरोप में देवपुरी निवासी निखिल आहूजा, अमलीडीह निवासी संजय जसवानी तथा पंडरी निवासी सुनील कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शत्रुहन लाल जायसवाल की शिकायत पर निखिल को गिरफ्तार किया है। शत्रुहन ने पुलिस को बताया है कि उसने निखिल से जरूरत पड़ने पर एक दो बार उधार में रकम ली थी और समय पर पैसे वापस कर दिए थे। शत्रुहन ने पुलिस को बताया है कि एक बार फिर से पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने निखिल से पांच हजार रुपए मांगे थे। इस पर निखिल ने शत्रुहन से उसका पैन कार्ड के साथ आधार कार्ड की कॉपी लेने के साथ बैंक के दस्तावेज में हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया।



### अकाउंट खुलवाने दिल्ली से अज्ञात कॉल

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी संजय ने पुलिस को बताया कि छह माह पूर्व उसके पास दिल्ली से अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने संजय को महादेव सट्टा एप के लिए अकाउंट उपलब्ध कराने 16 हजार रुपए देने का लालच दिया। इसके बाद संजयने अपने साथी निखिल तथा सुनील को अपने साथ शामिल कर लिया और जरूरतमंद लोगों की मदद कर उनकी आईडी अपने कब्जे में लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाने लगे।

### मिलते थे 16 हजार

पूछताछ में संजय ने पुलिस को बताया है कि महादेव सट्टा एप संचालित करने वाले उन्हें प्रति अकाउंट 16 हजार रुपए देते थे। पूछताछ में संजय ने पुलिस को बताया है कि वो जिन लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाते थे, उसे एकत्रित करने के बाद ट्रेन के माध्यम से नागपुर तथा दिल्ली भेज देते थे। अकाउंट के साथ एटीएम तथा चेकबुक भेजने का काम संजय तथा उसके साथी करते थे।

# आधा दर्जन चोरी की दोपहिया के साथ ओडिशा का वाहन चोर गिरफ्तार

- पुलिस गिरफ्त में आया वाहन चोर पूर्व में भी दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने पंडरी में रह रहे ओडिशा के शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन दोपहिया जब्त की है। दुर्ग तथा रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस गिरफ्त में आया शातिर पूर्व में भी पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में ओडिशा,



का ला हां डी निवासी नवीन उर्फ सुनील सुनानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर नवीन को चोरी की दोपहिया बेचने ग्राहक तलाश करते गिरफ्तार किया गया है। मौके पर ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस ने नवीन से वाहन के दस्तावेज देने की मांग की, तो उसने गोलमोल जवाब दिया।

***झांसा देने नंबर प्लेट बदल देता था :** पुलिस ने नवीन के कब्जे से चार नंबर प्लेट जब्त की है। पूछताछ में नवीन ने पुलिस को बताया है कि वह चोरी की दोपहिया को खपाने तथा पुलिस से बचने चोरी की दोपहिया में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचता था। चोरी की दोपहिया बेचने वह मजदूर वर्ग के ग्राहक तलाशता था, जिसे वह दस्तावेज गुम होने की बात कह कर औने-पौने दाम पर चोरी की दोपहिया बेचता था।*

### पचास फीसदी से ज्यादा नमी दिन में छुड़ा रही पसीना

**रायपुर।** शहर में दिन के वक्त वातावरण में पचास प्रतिशत से ज्यादा नमी होने की वजह से लोग पसीना से तरबतर हो रहे हैं। उमस वाली गर्मी से देर रात बाद राहत मिल रही है। अनुमान है कि आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक असर दिखाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी बंगाल की खाड़ी से भारी मात्रा में नमी का प्रवेश हो रहा है, जिसकी वजह से दिन में तापमान का पारा तो बहुत अधिक ऊपर नहीं चढ़ पा रहा है, मगर उमस वाली गर्मी लोगों को बेचैन कर रही है। तेज धूप की वजह से लोग पसीना से तरबतर हो रहे हैं और कूलर-पंखा भी राहत नहीं दे पा रहा है। शुक्रवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति रही और दिन का अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# बीमारियों की रोकथाम और वैक्सीनेशन में निगरानी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीमारियों की रोकथाम और चलाए जाने वाले वैक्सीनेशन अभियान में निगरानी अथवा सर्विलांस महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से चलाए जाने वाले अभियान में प्राप्त होने वाला डेटा अनुसंधान में उपयोग किया जा सकता है। वैक्सीन की मदद से बच्चों में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को रोकने और सर्विलांस की मदद से रोग के कारणों की पहचान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान सर्विलांस कार्यक्रम की मदद से प्रदेश के अंदर बीमारियों को रोकने और वैक्सीन की मदद से रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि हेल्थ सर्विलांस और इंटेलीजेंस की मदद से टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। पोलियो और स्माल पाक्स को रोकने में टीकाकरण की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न प्रकार के रोगों की सर्विलांस का सबसे बड़ा कार्यक्रम चलाया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में डेटा प्राप्त होता है।

## सीधी भर्ती वालों को तीन साल प्रमोशन नहीं इसलिए अन्य पद भी खाली

# पीजी डाक्टरों की स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टिंग, कालेजों में एसआर का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी के मामले में एनएमएसी के सख्त रुख के बाद विचार-मंथन का दौर शुरू हो गया है। तर्क दिया जा रहा है कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों को स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टिंग दी जाती है और कालेजों में सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों की कमी रह जाती है। शासन स्तर पर जिनकी सीधी भर्ती की जाती है, उन्हें तीन साल तक प्रमोशन नहीं दिया जाता और कालेजों में सीटें लाने अहम भूमिका निभाने वाले एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद खाली रह जाते हैं।

नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से विभिन्न कमियों का हवाला देकर तीन कालेजों पर बड़ा जुर्माना लगाया गया है। इस मामले पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर विचार-विमर्श का दौर चल रहा है। सबसे बड़ा मुद्दा फैकल्टी का है जो लगभग सभी कालेजों में काफी कम है। इस मामले में कहा जा रहा है कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों को स्वास्थ्य केंद्रों के बजाए मेडिकल कालेज में सीनियर रेजिडेंट के रुप में पदस्थ किया जाना चाहिए। इससे एसआर की जो कमी बताई जा रही है वह पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। अन्य राज्यों को पीजी डाक्टरों को मेडिकल कालेजों में नियुक्ति दी जाती है, मगर छत्तीगढ़ में बांडेड सेवा के तहत उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ कर दिया जाता है। मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की समय-समय पर भर्ती की जाती है, मगर नियम के मुताबिक उन्हें तीन साल तक प्रमोट नहीं किया जाता है, जिसकी वजह से ऊपर के पद खाली रह जाते हैं।

**फैकल्टी की कमी पर एनएमसी के सख्त रुख के बाद विचार मंथन शुरू**




### आचार संहिता के बाद भर्ती

फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए समय-समय पर संविदा भर्ती की जाती है। आचार संहिता की वजह से यह नहीं हो पाया है। शासन स्तर पर भी असिस्टेंट प्रोफसरों की भर्ती आचार संहिता शिथिल होने के बाद की जाएगी। एनएमसी ने जुर्माना लगाया है, आशा है कि किसी शासकीय कालेज में सीटें लैप्स नहीं होंगी।

\- डॉ. यूएस पैंकरा
डीएमई

### स्वास्थ केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी

सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिक स्तर के इलाज चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संभाला जा सकता है मगर राज्य में विशेषज्ञों को ड्युटी भी वहां लगाई जाती है। यूडीएफए सहित विभिन्न संगठनों द्वारा चिकित्सा विशेषज्ञों को शासकीय मेडिकल कालेजों में पोस्टिंग देने की मांग काफी समय से की जाती रही है। यह भी तर्क दिया गया कि सीधी भर्ती वाले चिकित्सों को आवश्यक होने पर सालभर में प्रमोट किया जाए।

### एनएमसी को भेजी जानकारी

एनएमसी सेल के डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि शासकीय जेएन मेडिकल कालेज रायपुर की ओर से एनएमसी को आपत्तिवार जानकारी प्रेषित की गई है। फैकल्टी के मामले में उन्हें चिकित्सा शिक्षकों के मोबाइल नंबर, ब्लड बैंक का लाइसेंस, अस्पताल में हुए प्रसव तथा अन्य ओपीडी की जानकारी भेजी गई है। दावा किया जा रहा है कि इन दस्तावेजों के आधार पर एमबीबीएस की सभी सीटों पर प्रवेश की अनुमति दे दी जाएगी। जुर्माना वापसी एनएमसी अधिकारियों पर निर्भर करता है कि वे जवाब से कितने संतुष्ट होते हैं।

### रामू रोहरा बोले- नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तेज होने से कांग्रेस में भारी निराशा

**रायपुर ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा ने नक्सलवाद के खिलाफ विष्णुदेव साय की सरकार की निर्णायक लड़ाई को स्वागत योग्य बताते हुए कहा, इस लड़ाई से कांग्रेस में बेहद निराशा का माहौल है। श्री रोहरा ने कहा, कभी कांग्रेस उन नक्सलियों के मारे जाने के सबूत मांगती है जिनके मरने की पुष्टि खुद नक्सली नेता कर चुके होते हैं और जब भाजपा की साय सरकार पुनर्वास की नीति के लिए नक्सलियों से सुझाव मांगती है, तो भी कांग्रेस उस पर सवाल खड़े करती है। श्री रोहरा ने कहा, ना तो कांग्रेस पुलिस बलों द्वारा नक्सलियों के मारे जाने को स्वागत योग्य बता रही है ना ही पुनर्वास नीति के लिए नक्सलियों के सुझाव लेने की प्रशंसा कर रही है यानी कुल मिलाकर वह छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या के खात्मे में को लेकर उठाए जा रहे किसी भी कदम से नाखुश है निराश है। कांग्रेस नक्सलवाद पर केवल राजनीति करती आई है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो इसके कीर्तिमान बनाए हैं उन्होंने कांग्रेस के नेताओं के मारे जाने की घटना के सबूत जेब में होने की बात सार्वजनिक रूप से कही थी, लेकिन आज तक उन्होंने ऐसा कोई सबूत प्रस्तुत नहीं किया। पांच साल की भूपेश बघेल की सरकार ने कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों के संरक्षण का काम किया,नक्सली यह कहने लगे थे कि अब कांग्रेस की सरकार यानी हमारी सरकार है लेकिन जब अब भाजपा की लड़ाई निर्णायक रूप से नक्सलवाद के खिलाफ हो रही है तो कांग्रेस में उदासी छाई है।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल में चल रहा समर कैंप

**धनेलीकन्हार।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला केवटीनटोला में 21 मई से 30 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में कक्षा पहली से आठवी तक के विद्यार्थी उपस्थित होकर योगाभ्यास, सुलेख, चित्रकला, कहानी वाचन, वाद विवाद, गायन, वादन एवं नृत्य जैसे कला कौशलों का अभ्यास कर रहे हैं। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकाल में उपयोगी पेय पदार्थ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामाग्री से निर्माण कर सेवन करने के तरीके बताए गए। गर्मी को देखते हुए कैंप आयोजन के लिए पालकों से सहमति ली गई है। प्रधान पाठक उपेश्वर ठाकुर एवं सहायक शिक्षक सुष्मिता ध्रुव, तुलजा साहू, सहयोगी गीता नायक, चंद्रिका भुवार्य कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में लगे हैं।

### यादव समाज की बैठक में अहीर सम्मेलन पर चर्चा

**कांकेर।** अहिर कोसरिया यादव समाज के वार्षिक सम्मेलन को लेकर ग्राम किशनपुरी में जिला पदाधिकारियों व ग्राम के यादव समाज के साथ बैठक हुई। बैठक में यह तय किया गया कि आज 26 मई को सुबह 09 बजे आने वाले सभी सामाजिक जनों का पंजीयन होगा। उसके उपरांत 10 बजे से सम्मेलन प्रारंभ होगा, जिसमें समाजिक विकास, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक सुदृढ़ता, समाजिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। समाज कैसे सशक्त और मजबूत हो उस पर विचार मंथन किया जाएगा एवं समाज के प्रतिभाशाली युवा व बच्चों का सम्मान किया जाएगा, जिसकी पुरी तैयारी कर ली गई है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम भावगीर नवागांव निवासी 25 वर्षीय हेमंत कुमार दुग्गा पिता दुरतुराम दुग्गा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। प्रार्थी आनंद कुमार ने पुलिस को बताया कि 23 मई को करीबन 5 बजे अज्ञात कारणो के चलते संजू कोमरा के खेत बाड़ी के बगल आम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया, आत्महत्या करना का कारण नहीं पता चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विचेचना मे लिया है।

### सेजेस के समर कैंप में स्वछता अभियान

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को सेजेस में समर कैंप के दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ईको क्लब के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सुधार के लिए चतुर्थ दिवस को रेड्यूस वेस्ट कूड़ा कम करो के तहत छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए विद्यालय प्रांगण के उद्यानिकी परिसर में स्वछता अभियान चलाया गया। अपशिष्ट कचड़े जिसमें गीले कचरे व सूखे कचरे का भी कैसे प्रयोग करके खाद्य बनाया जा सके और उसका उपयोग किया जा सके एवं विद्यालय में किचन गार्डन का उपयोग बताया गया। इस मौके पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं, भृत्यगण उपस्थित रहे ।

श्री हनुमंत नगर गोकुलपुर के रहवासियों ने आयुक्त से की कार्रवाई की मांग

# नाली निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



श्री हनुमंत नगर गोकुलपुर वार्डवासियों ने नगर निगम धमतरी के आयुक्त विनय पोयाम से मुलाकात कर कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांग की है। साथ ही कॉलोनी में नगर निगम धमतरी द्वारा स्वीकृत किए गए नाली निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत भी की है। हनुमंत नगर विकास समिति के अध्यक्ष अजय पांडेय एवं सचिव दिनेश सोनकर ने बताया कि कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति श्रीमती रंजना साहू के घर से श्रीमती मयूरी पवार के घर तक की गई थी। किंतु ठेकेदार द्वारा स्वीकृति अनुसार नाली निर्माण न करके नाली अजय पाण्डेय के घर से श्रीमती मयूरी पवार के घर तक बनाई गई है एवं नाली को सिंचाई विभाग की नहर से जोड़ दिया गया है । कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण के पश्चात रोड के किनारे ठेकेदार द्वारा फीलिंग नहीं की गई है। इससे रात में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कालोनीवासियों को पेयजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन विस्तार कार्य, कालोनीवासियों के बैठने के लिए गार्डन चेयर की व्यवस्था, मवेशियों के जल के लिए कोटना की व्यवस्था, कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की संख्या बढ़ाई जाने, सड़कों एवं नालियों की नियमित साफ सफाई किए जाने की मांग आयुक्त से की। आयुक्त ने शीघ्र ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती रचना मिश्रा, सरोज देवान, श्रीमती नुपूर पांडेय, श्रीमती ज्योति सोनकर, श्रीमती पिंकी सोनकर, श्रीमती संगीता गोस्वामी, श्रीमती इंदु साहू, दिनेश सोनकर, विश्वनाथ सोनकर, आकाश गिरी गोस्वामी, महेन्द्र साहू, भारतेसु मिश्रा, अजय पांडेय, रविन्द्र गुप्ता, गंगाशरण साहू सम्मिलित थे।

# बेलर में राजयोग मेडिटेशन आध्यात्मिक केंद्र खुला

- जीवन में खुशियों को आने का अवसर दो - पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेलर नगरी में परमात्मा शिव का संदेश देने के लिए राजयोग मेडिटेशन आध्यात्मिक केंद्र का शुभारंभ हुआ। राजयोग मेडिटेशन आध्यात्मिक केंद्र का दीप जलाकर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके बाद गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाड़ी में सजे श्रीराम सीता, श्री लक्ष्मी नारायण, शिव की पूजा करती हुई पार्वती आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा के बाद बाजार चौक स्थित साहू सदन में सात दिवसीय शिविर जीवन में खुशियों को आने का अवसर दो का अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच उमेंद्र मरकाम ने कहा कि हमारे जीवन में ज्ञान बहुत जरूरी है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुमित लिमजा ने कहा कि यह ग्रामवासियों के लिये भाग्य का विषय है जो यह शाखा यहां खुल रही है। डॉक्टर अर्चना देवांगन ने कहा कि मेरा संकल्प अब पूरा हो रहा है।

बीके सरिता ने कहा कि आज सारी दुनिया में भ्रष्टाचार, विकार, अशांति, दुख की आग लगी है। हम सभी को मिलकर आध्यात्मिक ज्ञान फैलाकर इस आग को बुझाने का कार्य करना है आगे कहा कि यह शिविर मानस रंगमंच तहसील कार्यालय के पास बेलर में प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम का संचालन निशा ने किया।

# व्यापारियों को बांटे गए 15 लाख के सिक्के



**धमतरी।** जिले में व्यापारियों को सिक्कों की ज्यादा समस्या आ रही थी। इस समस्या से व्यापारियों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा को अवगत कराया। विभिन्न बैंकों से संपर्क कर 15 लाख के सिक्के व्यापारियों को बांटे गए। इस समस्या का निराकरण करने में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशाध्यक्ष अमर पारवानी एवं उनकी टीम के सदस्य राम मंधान, अजय भसीन, मुकेश मोटवानी, रवि मुंजवानी का सहयोग रहा।

# शहर कांग्रेस ने झीरम घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



25 मई 2013 को हुए नक्सली हमले में शहीद नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं की पुण्यतिथि को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए शहीदों के व्यक्तित्व-कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान शपथ ली गई कि हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हैं एवं सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे।

इस दौरान विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, घनश्याम साहू, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, रामनाथ यादव, तिलक सोनकर, गेंदलाल साहू, पार्षद दीपक सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष होमेश्वर साहू, सबीना खान, गणेश्वरी कामड़े, विशु देवांगन, पवन यादव, राधेश्याम यादव, वातंजलि गोस्वामी, सूरज पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गर्भ संस्कार से वंशानुगत बीमारी दूर होती है



- गर्भवती महिलाओं के लिए वन वीक वन एक्टिविटी कार्यशाला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुप्रजा अंतर्गत जिलाधीश नम्रता गांधी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वन वीक वन एक्टिविटी कार्यशाला हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित की गई।


कार्यशाला में डॉ. सरिता पचौरी विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सक आयुष विंग जिला चिकित्सालय धमतरी ने कार्यशाला में आई लगभग 250 गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आयुर्वेदिक औषधि प्रयोग दिनचर्या के विषय में विस्तार से बताया। गर्भधारण से पहले की सावधानियां, गर्भधारण के पश्चात गर्भ संस्कार एवं गर्भ संवाद, गर्भ स्थापक औषधियों का प्रयोग एवं प्रदर्शन का प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. पचौरी ने बताया कि गर्भ संस्कार से वंशानुगत बीमारियों के खतरे को काम किया जा सकता है। गर्भावस्था के बाद शिशु कुपोषण दर में कमी लाई जा सकती है।

कार्यक्रम में नगर पालिका कमिश्नर विनय कुमार पोयाम, सीएमएचओ वीसी मंडल, जिला आयुर्वेद अधिकारी वीएन त्रिपाठी, डॉ गुरुदयाल साहू, डॉ अवध पचौरी, डीपीएम रिया कंवर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती जगरानी मिश्रा एक्का एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

रायपुर की एनआईटी टीम पांच नगर पंचायत क्षेत्र के तालाबों का कर रही सर्वेक्षण

# तकनीकी सर्वे कर तालाबों से निकाला जायेगा गाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी जिला अंतर्गत पांच नगर पंचायत क्षेत्र आमदी, भखारा, नगरी, मगरलोड एवं कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न तालाबों में गाद जमा होने से तालाबों के पानी की गुणवत्ता एवं संग्रहण क्षमता प्रभावित हो रही है। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर तालाबों को संरक्षित करने के लिए रायपुर की एनआईटी टीम द्वारा भखारा के डुमराही एवं पीपराही तालाब एवं मगरलोड के शीतला तालाब का सर्वे पूर्ण कर शनिवार को नगरी के चार तालाब गांधी सागर, गुढ़ियारी, केकराल, माता तालाब का रेजिस्टविटी सर्वे किया। इसके बाद आमदी के सोरी बांधा, गौरा सागर के दो तालाबों का सर्वे किया जायेगा।

ज्ञात हो कि तालाबों के पानी की गुणवत्ता एवं संग्रहण क्षमता बढ़ाने के दृष्टिकोण से जिले के 5 नगर पंचायत क्षेत्र के नौ विभिन्न तालाबों के गाद निकलना एवं तालाबों की समुचित सफाई की आवश्यकता थी। एन.आई.टी रायपुर के माध्यम से चयनित 9 विभिन्न तालाबों के फ्रैक्चर क्षेत्रों को चित्रित करने के लिए विद्युत प्रतिरोध सर्वेक्षण किया जा रहा है। संरचनात्मक कमजोरी और गाद मिट्टी क्षेत्र की मोटाई की पहचान के लिए प्रतिरोध प्रोफाइल और चित्र तैयार किया जा रहा है। पिक्चर जोन की पहचान करने के लिए छवि आधारित विश्लेषण तैयार किया जा रहा है।

एनआईटी द्वारा शनिवार को धमतरी शहर के संपूर्ण 40 वार्ड क्षेत्र से गंदे पानी एवं वर्षा जल की समुचित निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम का संपूर्ण मूल्यांकन और मानचित्रण के माध्यम से धमतरी शहर में जल भराव वाले हॉटस्पॉट की पहचान करने, जल निकासी की बुनियादी ढांचे और स्टॉर्म वॉटर में सुधार एवं बाढ़ की स्थिति को कम करने के लिए एक योजना तैयार करने के लिए टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

# पढ़ाई के साथ खेल भी जीवन का अहम हिस्सा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार परिक्षेत्र साहू संघ झिरिया के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन के 21वें दिवस पर मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विषयों पर छात्र - छात्राओं से चर्चा की। प्रथम वक्ता यशपाल राणा ने स्वामी विवेकानंद की शिकागो यात्रा एवं कल्पना चावला के जीवन के बारे में तथा खेल के माध्यम से पढ़ाई कैसे करें, उसके बारे में बताया। द्वितीय वक्ता लेखराम डहरे जवाहर नवोदय विद्यालय मिजोरम ने विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। तृतीय वक्ता रूपेन्द्र साहू पूर्व नेवी ऑफिसर ने जल सेना, थल सेना, वायु सेना, एयरफोर्स, आर्मी एवं विभिन्न क्षेत्र के बारे में बताया। उन्होंने आगे यह भी कहा कि विद्यार्थियों को जिस भी क्षेत्र में रुचि है, उसकी तैयारी अभी से ही प्रारंभ कर दें ताकि बाद में कोई कठिनाई न हो। आखिरी वक्ता दीपक झा डायरेक्टर छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी रायपुर ने प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर सरपंच चेतन यदु ,परिक्षेत्र अध्यक्ष डेरहू राम साहू, उपाध्यक्ष रोशन लाल साहू, श्रीमती सुलोचना गिरधारी साहू, कोषाध्यक्ष कांशीराम साहू, सचिव पारसमणि साहू, सहसचिव मिनेश कुमार साहू, खोवाराम साहू पटवारी, डॉ. रामेश्वर साहू, प्राचार्य केपी साहू, रूपचंद साहू, टीकाराम साहू, शिक्षक रामकुमार प्रजापति, खुशबू साहू, एमएल साहू, डीके साहू समेत 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सेजेस बठेना के बच्चे सीख रहे योगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप के तहत योगा सेशन की शुरूआत संस्था प्राचार्य एन पाण्डेय द्वारा की गई। दीपककुमार साहू ने शरीर को लचीला बनाने के लिए वक्रासन, बकासन, पादंगुष्ठासन, शवासन, हलासन, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, सिंहासन आदि प्राणायाम बच्चों को सिखाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता रविन्द्र साहू, सीएसी श्री सिन्हा सहित सभी स्कूल स्टाफ मौजूद था।

### पीएम श्री स्कूल अरौद में समर कैंप का आयोजन

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला अरौद पीएमश्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ मगरलोड विकासखंड के बीआरसीसी धीरज देवांगन ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों में शिक्षा के अलावा अनेक नवीन रचनात्मक, कलात्मक सृजनात्मक एवं अन्य कौशल व विधाओं के विकास के लिए समर कैंप को बड़ा माध्यम बताया। संस्था की प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव ने बताया कि समर कैंप में कक्षा पहले से पांचवीं तक के सभी बच्चों को उनकी अभिरुचि अनुसार शाला में योग, प्राणायाम, ध्यान, सुलेख, स्पीड रीडिंग, पेंटिंग, संगीत, मृदा वर्क, क्राफ्ट पेपर, कहानी, खेलकूद एवं अन्य विभिन्न गतिविधियां कराई जाएगी।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### शांत्रीबाई कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में विदाई समारोह हुआ। जिसका नाम अलविदा रखा गया। बीएड प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा बीएड अंतिम वर्ष के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं को महाविद्यालय से विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष छात्रों द्वारा डांस व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बीएड अंतिम वर्ष के छात्राध्यापक कमलेश नागवंशी को मिस्टर फेयरवेल व तृप्ति मिस फेयरवेल चुने गए। अंतिम क्षण भावुक कर देने वाला रहा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने सभी छात्रों को आशीषवचन दिया।

पेज 11 का शेष..

### डाक मतपत्रों की...

सहित गरियाबंद और धमतरी जिले के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा निर्वाचन से जुड़े समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

**ये सामग्री रहेंगी प्रतिबंधित :** मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा कंट्रोल यूनिट से मतगणना कैसे किया जाएगा तथा वीवीपीएटी की पर्चियों की गणना किस प्रकार की जाएगी इसे डेमो कर दिखाया गया। उन्होंने बताया कि कंट्रोल यूनिट का स्वीच ऑन करने के बाद सबसे पहले टोटल बटन दबाकर कुल मतों की संख्या का मिलान मतपत्र लेखा 17 सी के कालम 6 में दर्शाए गए मतों की संख्या से करना चाहिए। उसके बाद रिजल्ट बटन दबाकर प्रत्येक उम्मीदवार को प्राप्त मतों की संख्या को मतपत्र लेखा के भाग दो में सावधानी से लिखना होगा।





**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में नगर पंचायत तुमगांव में बौद्ध पूर्णिमा पर 21 घरों में गृहे गृह यज्ञ किया गया। अछोला, अछोली एवं तुमगांव के पुरोहितों ने यज्ञ किए। पंथराम साहू ने बताया कि गांव में सर्वे कर उन घरों का चिंहांकन किया गया, जहां गायत्री यज्ञ किया जाना है। हवन एवं पूजा सामग्री वितरित कर यज्ञ होने के पश्चात साहित्य एवं मंत्र लेखन वितरण किया गया। यज्ञ कराने वालों में जगदीश साहू, शोभा साहू, प्रीतराम, जीतराम, पूनम, गौकरण, सोमनाथ, नेतराम, धनेंद्र काजल, देविका छाया, नाथूराम, पुकलाल, तुमगांव से पंथराम, ध्रुवराम, केआर साहू, मनीष, महावीर, प्रहलाद साहू का विशेष योगदान रहा।

## दीपयज्ञ के साथ नशामुक्ति फिल्म का प्रदर्शन

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में झलप क्षेत्र में



प्रज्ञा मंडल सेरकेल द्वारा ग्राम तीर्थ प्रवज्ज्या के तहत 24 गावों में ग्राम तीर्थ यात्रा निकाली गई। जिसके 12वें चरण में भटगांव में दीप यज्ञ एवं नशामुक्ति डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के माध्यम से कार्यक्रम किया जा चुका है। अभी आने वाले समय में 31 तारीख तक शेष विभिन्न गांव में दीप यज्ञ किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में गायत्री महामंत्र की महिमा, गुरुदेव एवं माता की जीवनी पर चर्चा एवं शांतिकुंज हरिद्वार का संदेश के साथ व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण के सूत्र बताकर मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लक्ष्य को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहयोग के लिए महासमुंद शक्तिपीठ से ललित मेश्राम, परस चौहान, धनवंतरी सिन्हा, नरेश साहू, भरत साहू बागबाहरा से अक्षय साहू, रामाधीन यादव एवं अन्य वरिष्ठगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए झलप इकाई के देव सिंह दीवान, करण बरिहा, परमानंद दीवान, विजय भारती, रथराम, तुलसी, नारायण ठाकुर एवं गांव के प्रमुखों का विशेष योगदान रहा।

# 64 खानों की बादशाहत के लिए होगा मुकाबला 7 जून से बिछेगी पिथौरा में शतरंज की बिसात

## प्रदेश के विभिन्न जिलों से 150 खिलाड़ी करेंगे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से पिथौरा के अग्रसेन भवन में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला-पुरुष की राज्य शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे व आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि जिला शतरंज संघ के बैनर तले यह सोलहवां राज्य चयन स्पर्धा है। तीन साल के भीतर तीसरी बार फीडे रेटिंग स्पर्धा होने जा रही है। स्पर्धा की आवश्यक तैयारी की जा चुकी है। हेमंत ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रदेश की प्रतिष्ठित स्पर्धा है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 150 खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश की टीम गठित होगी, जो आगामी जुलाई-अगस्त में तमिलनाडु व हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय चयन स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। सीनियर महिला तथा पुरुष दोनों ही कैटेगरी से 4- 4 खिलाड़ियों का उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। स्पर्धा को लेकर आयोजन समिति गठित कर ली गई है। यह राज्य चयन स्पर्धा 9 चक्रों में अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का



छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से पंजीयन अनिवार्य है। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को इ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। स्पर्धा में कुल 85000 रुपए की नगद राशि पुरस्कार के रूप में रखी गई है। मुख्य पुरस्कार के तहत पहला 12000 व ट्रॉफी, दूसरा 10000 व ट्रॉफी, तीसरा 8000 व ट्रॉफी, चौथा 6000 व ट्रॉफी , पांचवां से छठवां तक 4000- 4000 व मेडल तथा सातवां से दसवां तक 2000 - 2000 रुपए व मेडल।

वूमेन कैटेगरी में पहला 7000 व ट्रॉफी, दूसरा 5000 व ट्रॉफी, तीसरा 4000 व ट्रॉफी तथा पांचवां से आठवां तक 2000 -2000 व मेडल। इसके अलावा विशेष पुरस्कार के अंतर्गत बेस्ट महासमुंद को 2000 व मेडल, बेस्ट बस्तर संभाग 2000 व मेडल, बेस्ट सरगुजा संभाग 2000 व मेडल, बेस्ट वेटरन 2000 व मेडल, स्पेशली एबल 2000 व मेडल, यंगेस्ट प्लेयर 2000 रुपए व मेडल विजेताओं को इनाम स्वरूप दिए जाएंगे।

स्पर्धा में भाग लेने के लिए 1000 प्रवेश शुल्क रखा गया है। आदिवासी बाहुल्य जिले के खिलाड़ियों को विशेष तौर पर प्रोत्साहन के उद्देश्य से सरगुजा व बस्तर संभाग के खिलाड़ियों के लिए एंट्री फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। स्पर्धा फीडे रूल्स के तहत स्विस पद्धति से खेली जाएगी। जिसमें प्रत्येक खिलाड़ियों को टाइम कंट्रोल के तहत 60-60 मिनट व प्रत्येक चाल में 30 सेकंड के इंक्रीमेंट दिए जाएंगे। स्पर्धा के दरमियान निर्धारित समय पर खिलाड़ियों को प्रतियोगिता स्थल में रहना अनिवार्य है। अगर कोई खिलाड़ी 15 मिनट विलंब से पहुंचता है तो उनके अपोनेंट को वॉक ओवर दे दिया जाएगा। राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जिले के सभी नवोदित खिलाड़ियों को इस चैंपियनशिप में भाग लेने की अपील की है। क्योंकि, यह स्पर्धा चैंपियनशिप के साथ-साथ फीडे रेटिंग भी है, जिस कारण से खिलाड़ियों का रेटिंग बढ़ाने अथवा रेटिंग खोलने का एक सुनहरा अवसर है। प्रदेश के कोई भी राष्ट्रीय निर्णायक फीडे आर्बिटर के लिए नॉर्म लेना चाहते है तो वे अपना आवेदन राज्य कार्यालय को प्रेषित कर सकते हैं।

# झीरमघाटी कांड में दिवंगत कांग्रेसियों को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25 में 2013 को विधानसभा चुनाव 2013 के ठीक पहले 25 मई को कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा रैली के दौरान नक्सलियों ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को झीरम घाटी में हमला किया। जिसमें तात्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नंदकुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, कांग्रेसी नेता उदय मुदलियार, दिनेश पटेल एवं सुरक्षा कर्मियों के जवान समेत 32 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई। छत्तीसगढ़ की इतिहास में नक्सलवादियों द्वारा किया गया सबसे बड़ा हत्याकांड था, जो कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए काला दिन साबित हुआ। जब दरभा से कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई और झीरम घाटी के पहुंचते ही नक्सलियों द्वारा सड़क को बम से उड़ा दिया गया एवं गोलियों की बौछार की गई। इस घटना के दिवंगत लोगों को महासमुंद राजीव भवन में कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, जसबीर ढिल्लो पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर पिछड़ा वर्ग महामंत्री, पूर्व पार्षद राजू साहू, जावेद चौहान, सुनील चंद्राकर, मेहुल सूचक, रवि साहू, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, सुरेंद्र ठाकुर, भारत बुंदेला, सन्नी महानंद आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने पूर्व विधायक को बताया राजनीति में अपरिपक्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा नक्सल समस्या पर उलूल-जुलूल बयान देना स्पष्ट करता है कि नक्सल समस्या पर उनकी समझ नहीं है। भाजपा की विष्णुदेव सरकार के मंत्री विजय शर्मा ने जिस तेजी से नक्सलियों को मौत के घाट उतार कर स्पष्ट संदेश दिया है कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पनप रहे नक्सलवाद को अब जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा। इस कार्रवाई से भौचक हो रहे कांग्रेसी अपने



नक्सली मित्रों की मौत को बर्दाश्त नहीं करने के साथ भाजपा सरकार की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। भाजपा सरकार के 4 माह के कार्यकाल में 100 से ज्यादा नक्सलियों की मौत, 27 कैंपों का घोर नक्सली क्षेत्र में खुलना, हिड़मा के गांव में पुलिस बल की मौजूदगी और आमजनों में बढ़े विश्वास को देखकर कांग्रेसी बौखला कर अनर्गल प्रलाप में लगे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 29 नक्सलियों की मौत को आदिवासियों की मौत बताकर प्रलाप करते रहे और पत्र लिखकर अपने 29 साथियों की मौत को स्वीकार करते हैं, जिस पर कांग्रेसी मुंह छुपा कर भागने में भी सफल नहीं हो पाते और जनता के सामने इनका नक्सली प्रेम उजागर हो जाता है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि नक्सल नीति वर्तमान में वही है, जो कांग्रेस शासन में थी। यह गृह मंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि सरकार उस कागजी नीति को मैदानी बनाकर ताकत झोंक रही है। जबकि, कांग्रेस शासन में विशेषज्ञों द्वारा बनाई गई नीति को कचरे के डब्बे में डालकर नक्सलियों को खुला मैदान दे दिया गया था।

# निवेशकों की रकम वापसी की मांग को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

## छग अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार, महासचिव नंद कुमार निषाद, सचिव ईश्वर पटेल के साथ अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास जाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट मुलाकात की और राज्य के बीस लाख निवेशक परिवार जिनके पैसे विभिन्न सौ से अधिक कंपनियों में फंसे हुए है, उस पैसे की वापसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। राज्य की बीजेपी सरकार ने किसानों एवं महतारी वंदन गारंटी के तहत महिलाओं को पैसा देने की कार्य किया है, उसी तर्ज में कंपनियों में फंसे निवेशकों को भी पैसा वापसी की गारंटी के तहत पैसा वापसी करने की मांग छग अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ ने की है। प्रदेशभर में एक लाख पांच हजार अभिकर्ता व



बीस लाख निवेशक परिवार इस संगठन से जुड़कर 2015 से निवेशकों की पैसा वापसी की मांग पूर्ववर्ती बीजेपी रमन सिंग की सरकार फिर कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार अब पुनः छग राज्य के बीजेपी सरकार विष्णुदेव साय से की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ज्ञापन को पढ़ने के बाद निवेशक अभिकर्ता को राहत दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान महासमुंद जिला अध्यक्ष गणेश राम साहू, चेतन लाल साहू, फकीर दास वैष्णव, रामलाल साहू आदि मौजूद रहे।

### संगठन पदाधिकारियों की हुई बैठक

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष गगन कुंभकार व महासचिव नंद कुमार निषाद ने संगठन को और मजबूत करने के लिए महादेव घाट रायपुर में मीटिंग बैठक कर के संगठन के सभी पदाधिकारियों से कहा कि जिला संगठन/प्रदेश संगठन का कार्यकाल पांच साल पूर्ण हो चुके है। सभी जिला में संगठन को मजबूत करने के लिए पुराने एवं नए पदाधिकारी सभी को साथ लेकर नियमावली के तहत पुनः जिला संगठन का चुनाव किया जाए। जिला चुनाव के बाद प्रदेश संगठन पदाधिकारी का भी चुनाव किया जाएगा। ताकि, आने वाले समय में सरकार के पास संगठन मजबूती के साथ अपनी मांगें रख सके।

### लगातार शिकायतें फिर भी नल-जल के काम हैं अधूरे

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम महेंद्रपुर स्कूल पारा में लोगों को पीने लिए शुद्ध पानी मिल सके इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन अंतर्गत काम शुरू किया था। इसके लिए गांवों में नल-जल योजनाओं के कार्य शुरू किए गए थे, परंतु कार्यो को अधूरा छोड़ दिया गया है। विकासखंड के महेंद्रपुर गांव में नल-जल योजनाओं की अब हालत ऐसी है कि कई जगह कार्य अधूरा है तो कहीं कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।

# छतीसगढ़ पत्रकार महासंघ ने किया बेलसोंडा सरपंच का सम्मान

**महासमुंद।** रायपुर के समता कालोनी में छतीसगढ़ पत्रकार महासंघ का स्थापना एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश डी यादव द्वारा ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर का उनके द्वारा जनहित में किए गए उल्लेखनीय कार्य स्वच्छता, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, नाजायज कब्जा हटाओ अभियान, बेटी विवाह योजना तथा दुखी परिवार को सहायता राशि योजना के कारण सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया गया। पत्रकार संघ द्वारा पिछले दिनों किए गए सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ से ग्राम पंचायत बेलसोंडा का चयन किया गया। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की कार्य करने



की शैली, स्पष्टवादिता तथा निडर होकर लगन से कार्य करने की प्रवृत्ति तथा उनकी स्वयं की सहायता राशि प्रदान करने की योजना से प्रभावित होकर यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बेलसोंडा छत्तीसगढ़ में ही नही, बल्कि पूरे देश में ऐसा प्रथम गांव है, जहां सरपंच द्वारा जनहित में अपनी स्वयं की योजना संचालित कर रही है। जिसमें गांव की प्रत्येक बेटी को उनके विवाह पर 1105 रुपए तथा दुख की घड़ी में दुखी परिवार को 2000 नगद तथा 50 किलोग्राम चावल प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ पत्रकार महासंघ के प्रमुख सुनील यादव तथा अन्य राज्यों से आए पत्रकारों तथा पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रीमती चंद्राकर के साथ सक्रिय पंच प्रकाश साहू, त्रिवेणी चंद्राकर तथा समर्थकगण शत्रुघ्न साहू, झम्मन धीवर का भी सम्मान किया गया। इस सम्मान का पूरा श्रेय सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपने पंच परमेश्वर तथा गांव की जनता जनार्दन को देते हुए इसे गांव की अधिष्ठात्री देवी शीतला मैया की कृपा बताया।

# पशिचम बंगाल के मुख्यमंत्री का पुतला दहन आज

**महासमुंद।** ओबीसी प्रमाण पत्र मामले में कोलकाता हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए तथा उक्त निर्णय को पश्चित बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मानने से इंकार करने के विरोध में कल 26 मई 2024 को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर के निर्देशन में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल द्वारा बरोंडा चौक में शाम 5 बजे ममता बनर्जी का पुतला दहन किया जाएगा। जिसमें ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ भाजपा जन, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा के पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शहर मंडल अध्यक्ष गोपी कन्नौजे ने विज्ञप्ति में दी।




# गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों के प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत 04 जून को होने वाली मतगणना के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ईव्हीएम तथा पोस्टल बैलेट के माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षकों एवं गणना सहायकों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी कर्मचारी मतगणना स्थल पर निष्पक्ष रहें और अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सावधानीपूर्वक करें।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना पर्यवेक्षकों व सहायकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ईव्हीएम मशीन के निर्धारित टेबल में पहुंचने पर सीरियल नंबरों का अच्छी तरह से मिलान करने के बाद मतगणना शुरू करें। ईव्हीएम से परिणाम प्राप्त करने के बाद



निर्धारित फॉर्म में प्रविष्टि करते समय काफी सतर्कता बरतें। प्रशिक्षण में बताए गए बिन्दुओं एवं निर्देशों पर विशेष ध्यान दें और गणना कार्य को गंभीरता से लें।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा ईव्हीएम में डाले गए मतों की गणना एवं व्हीव्हीपैट से मतों की गणना, ईव्हीएम से मतों की गणना से पहले ईव्हीएम सीरियल नंबर का मिलान करने, कंट्रोल यूनिट से परिणाम प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। साथ ही व्हीव्हीपैट के मत पत्रों की गणना के बारे में उदाहरण सहित विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र की द्वितीय पाली में दोपहर तीन बजे से डाक मतपत्र और ईटीपीबी के गणना पर्यवेक्षकों, गणना सहायकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें गणना की प्रक्रिया और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व आवश्यक निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलट और ईटीपीबी की गणना अधिक महत्वपूर्ण होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसकी पूरी प्रक्रिया की मॉनीटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 16 टेबल निर्धारित होंगे, जहां पर एआरओ, माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक तथा गणन अभिकर्ता की उपस्थिति में मतों की गणना की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वे सिर्फ वैध एवं अवैध मतों की पहचान आयोग से जारी निर्देशानुसार ही करें तथा किसी प्रकार का व्यक्तिगत अभिमत या मूल्यांकन इस दौरान न करें, क्योंकि एक छोटी सी चूक का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। साथ ही किसी प्रकार का संदेह होने पर वहां मौजूद सहायक रिटर्निंग अधिकारी को तत्काल अवगत कराने या शंका का समाधान करने की बात उन्होंने कही।